भारतीय स्टेट बैंक

केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-2282 0427, ईमेल: crpd@sbi.co.in

एसबीआई को ग्लोबल फाइनेंस, न्यूयॉर्क द्वारा ''विश्व का सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक-2026'' के रूप में मान्यता दी गई।

संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों की नियुक्ति

(विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2026-27/20)

आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का भुगतान: दिनांक 16.09.2026 से 06.10.2026 तक

भारतीय स्टेट बैंक संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग के निम्नलिखित पदों पर नियुक्ति के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे बैंक की अधिकारिक वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings में दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें। इन पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे इस अधिसूचना की निम्नलिखित विषय-वस्तु को ध्यान से पढ़ने और समझने के बाद ही आवेदन करें।

भर्ती का संक्षिप्त सारांश: पद: कई पद (कट-ऑफ तारीख: 31.08.2026)

पद	आयु (वर्षों में)	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	अनुभव (न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के पश्चात अनुभव)
डीन, स्टेट बैंक इंस्टीट्यूट ऑफ लीडरशिप (एसबीआईएल), कोलकाता	**न्यूनतम – 40 वर्ष अधिकतम – 55 वर्ष**	न्यूनतम 55% अंकों के साथ किसी भी विषय में एमबीए/ एग्जीक्यूटिव एमबीए/ पीजीडीएम/ पीजीडीबीए या इसके समतुल्य डिग्री या भारतीय विश्वविद्यालय या भारतीय/ अंतर्राष्ट्रीय 'B' स्कूल से पी.एचडी/ एम. फिल। बैंकिंग और वित्त के क्षेत्र में एमबीए/ पीएचडी/ एम फिल की डिग्री रखने वालों और/ या कार्यपालक शिक्षा में अध्यापन का अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी।	कुल 15 वर्ष का अनुभव ज़रूरी है। इसमें से न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव डीन/ उप डीन/ प्रधानाचार्य/ निदेशक/ उप निदेशक/ संयुक्त निदेशक/ प्रमुख/ केंद्र प्रमुख/ मुख्य अधिगम अधिकारी/ वरिष्ठ वाइस प्रेसिडेंट/ वाइस प्रेसिडेंट या बैंक के प्रशिक्षण संस्थान/ विश्वविद्यालय/ बिजनेस स्कूल/ कॉर्पोरेट लर्निंग अकादमी/ सार्वजनिक क्षेत्र के प्रशिक्षण संस्थान/ अन्य शैक्षणिक संस्थानों में समतुल्य पद पर होना चाहिए। प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में कार्य करने का अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। कॉर्पोरेट नेतृत्व भूमिकाओं/ कार्यपालक शिक्षा में कार्य करने का अनुभव रखने वालों को भी प्राथमिकता दी जाएगी।
संकाय, स्टेट बैंक इंस्टीट्यूट ऑफ लीडरशिप (एसबीआईएल), कोलकाता	**न्यूनतम – 35 वर्ष अधिकतम – 55 वर्ष**	न्यूनतम 55% अंकों के साथ किसी भी विषय में स्नातकोत्तर। मानव संसाधन/ वित्त/ बैंकिंग में एमबीए/ पीजीडीएम/ एमएचआरएम का प्रमाणपत्र रखने वालों और कार्यपालक शिक्षा में अध्यापन का अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। पीएचडी/ एम. फिल का सफलतापूर्वक पूरा करना इस पद के लिए एक अतिरिक्त योग्यता होगी।	बैंक के प्रशिक्षण संस्थान/ विश्वविद्यालय/ बिजनेस स्कूल/ कॉर्पोरेट लर्निंग अकादमी/ सार्वजनिक क्षेत्र के प्रशिक्षण संस्थान/ अन्य शैक्षणिक संस्थानों में संकाय/ प्रोफेसर/ सहायक प्रोफेसर/ एसोसिएट प्रोफेसर/ कॉर्पोरेट प्रशिक्षक या इनके समतुल्य पद पर न्यूनतम 6 वर्ष का शिक्षण अनुभव होना चाहिए। कॉर्पोरेट नेतृत्व भूमिकाओं और कार्यपालक शिक्षा में प्रमाणित अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी।
मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, स्टेट बैंक इंस्टीट्यूट ऑफ लीडरशिप (एसबीआईएल), कोलकाता	**न्यूनतम – 28 वर्ष अधिकतम – 40 वर्ष**	मार्केटिंग में एमबीए या इसके समतुल्य डिग्री। न्यूनतम प्रतिशत अंक – 55%	विपणन में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव। कुल 5 वर्षों में से कम से कम 3 वर्ष का अनुभव एक्जीक्यूटिव एजुकेशन, मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, यूनिवर्सिटी, ट्रेनिंग या एडटेक संस्थाओं की मार्केटिंग का होना चाहिए। ब्रांडिंग, अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी, प्रोग्राम पोर्टफोलियो निर्णाण और राजस्व सृजन में अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी।

महत्वपूर्ण सूचनाएँ:

1. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन करने से पहले, यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता तिथि तक उक्त पद के लिए दिए गए योग्यता मानदंडों को पूरा करते हों। उम्मीदवारों को वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** के माध्यम सें ऑनलाइन आवेदन करना होगा। पंजीकरण की प्रकिया तभी पूरी होगी जब बैंक में ऑनलाइन माध्यम से शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि या उससे पहले शुल्क जमा करवा दिया गया हो।
2. उम्मीदवारों को बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर दिए गए लिंक के माध्यम से ही इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा तथा आवेदन का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। **इस कार्यालय को आवेदन एवं अन्य दस्तावेजों की कागजी प्रतियाँ न भेजें**। उम्मीदवारों को उन्हीं के हित के लिए यह सूचना दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय पर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करें। क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट को लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन/अक्षमता/फेलियर की स्थिति बन जाए, ऐसा इन्टरनेट पर भारी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण हो सकता है। पूर्वोक्त कारणों से या एसबीआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से यदि उम्मीदवार अपना आवेदन समय रहते नहीं भर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा।
3. आवेदन प्रस्तुत करने से पहले, उम्मीदवार यह जांच लें कि उन्होंने आवेदन पत्र के प्रत्येक संबंधित क्षेत्र में सही विवरण भरा है। ऑनलाइन आवेदन की समय-सीमा समाप्ति के बाद, किसी भी परिस्थिति में कोई परिवर्तन/सुधार/संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस संबंध में डाक, ईमेल, हस्त सुपुर्दगी आदि किसी भी रूप में प्राप्त अनुरोधों पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें तत्काल अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
4. उम्मीदवारों के पास वैध ईमेल आईडी और मोबाइल फोन नंबर अवश्य हो जिसे परिणाम घोषित होने और अंतिम चयन पर कॉल लेटर जारी होने तक एक्टिव रखा जाए। इससे उन्हें ईमेल या मोबाइल पर एसएमएस द्वारा **कॉल लेटर/साक्षात्कार सूचना** आदि प्राप्त करने में सहायता होगी।
5. बैंक भर्ती/नियुक्त किए गए अधिकारियों को भारत में स्थित भारतीय स्टेट बैंक के किसी भी कार्यालय में तैनात/स्थानांतरण करने या उन्हें अपने किन्हीं सहयोगियों/अनुषंगियों में या किसी अन्य संस्था में तैनात करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जो सेवा की आवश्यकताओं पर निर्भर होगा। किसी विशिष्ट स्थान/कार्यालय पर नियुक्ति/स्थानांतरण के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
6. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे अन्य विवरण एवं अद्यतन सूचना हेतु बैंक की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** को नियमित रूप से देखें। **किसी भी परिवर्तन/अद्यतन की अलग से सूचना नहीं दी जाएगी। सभी परिवर्तन/अपडेट/संशोधन/शुद्धिपत्र/परिणाम/शेड्यूल/शॉर्टलिस्ट किए गए/चयनित उम्मीदवारों की सूची आदि केवल बैंक की वेबसाइट पर ही उपलब्ध होंगे।** कॉल लेटर/सूचना, जहां भी आवश्यक हो, केवल ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी **(कोई हार्ड कॉपी नहीं भेजी जाएगी)।**
7. उम्मीदवारों को सभी आवश्यक दस्तावेज (जीवन वृत्त, पहचान का प्रमाण, आयु प्रमाण, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), शैक्षणिक योग्यता, अन्य योग्यताएं/प्रमाणपत्र, अनुभव का प्रमाण आदि।) अपलोड करने की आवश्यकता है, ऐसा न करने पर उनके आवेदन/उम्मीदवारी पर शॉर्टलिस्टिंग/साक्षात्कार के लिए विचार नहीं किया जाएगा।
8. पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भर्ती के सभी चरणों (जैसे शॉर्टलिस्टिंग, साक्षात्कार, सीटीसी पर बातचीत आदि) में उनका प्रवेश निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने के अधीन पूरी तरह से अनंतिम होगा। चयनित सूची दस्तावेज़ों के सत्यापन के बिना अनंतिम होगी। साक्षात्कार के समय (यदि बुलाया जाता है तो) उम्मीदवार द्वारा मूल प्रतियों सहित सभी विवरणों/दस्तावेज़ों का सत्यापन करवाए जाने पर ही उसकी उम्मीदवारी मानी जाएगी।
9. चयनित उम्मीदवारों को बैंक में नियोजन/नियुक्ति ऑफर की जा सकती है, बशर्ते कि वे अन्य औपचारिकताएं जैसे कि पात्रता, क्रेडेंशियल्स, प्रमाणपत्रों का सत्यापन, संदर्भों से संतोषजनक रिपोर्ट, चिकित्सा जाँच और पूर्ववृत्त का सत्यापन आदि पूरी करते हों।

10. आयु में छूट, शुल्क में छूट चाहने वाले उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन के समय मांगे जाने पर निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी का वैध अपेक्षित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। अन्यथा, उनके दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और उनकी उम्मीदवारी रद्द/अस्वीकृत कर दी जाएगी।

11. उम्मीदवार जिनके खिलाफ चरित्र और पूर्ववृत्त (कैरेक्टर एंड एंटीसिडण्टस), नैतिकता आदि के बारे में प्रतिकूल रिपोर्ट हैं, वह इस पद के लिए आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं। यदि शॉर्टलिस्ट किए गए/चयनित उम्मीदवारों के विरुद्ध ऐसी कोई भी प्रतिकूल आदेश/रिपोर्ट उनके चयन के बाद बैंक को मिलती/प्राप्त होती है, तो उनकी उम्मीदवारी/सेवा तुरंत समाप्त कर दी जाएगी।

12. **अगर उम्मीदवार योग्यता की शर्तें पूरी करते हैं, तो वे एक से अधिक पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं।**

13. यदि किसी उम्मीदवार द्वारा एक ही पद/एकाधिक पदों के लिए एक से अधिक आवेदन (बहु आवेदन) प्रस्तुत किए जाते हैं, तो केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन ही रखा जाएगा, और अन्य पंजीकरणों के लिए प्रदत्त आवेदन शुल्क आदि जब्त कर लिया जाएगा। इसके अलावा, साक्षात्कार/कार्यग्रहण के समय एक उम्मीदवार द्वारा एकाधिक हाजिरी/उपस्थिति पाए जाने पर उसकी उम्मीदवारी को सरासरी तौर पर अस्वीकृत/रद्द कर दिया जाएगा।

14. बैंक बिना कोई कारण बताए, आरक्षित रिक्तियों सहित अधिसूचित रिक्तियों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

15. बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी विशेष पद/सभी पदों के लिए किसी भी स्तर/समय पर भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह या आंशिक रूप से रद्द/संशोधित करने, यदि ऐसा आवश्यक हो, का अधिकार सुरक्षित रखता है, और बैंक आवेदक को शुल्क वापस करने या कोई मुआवजा देने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

16. गलत जानकारी प्रस्तुत करने/तथ्यों को छिपाने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उन पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है और कानूनी/आपराधिक कार्रवाई की जा सकती है। जो उम्मीदवार धोखाधड़ी/गलत पहचान का प्रयास करेंगे, उन्हें बैंक द्वारा आयोजित भविष्य की भर्ती प्रक्रिया से वंचित कर दिया जाएगा।

17. इस परियोजना के तहत सभी नियुक्तियाँ पूरी तरह से बैंक के विवेकाधिकार पर निर्भर करेंगी।

18. यदि उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया जाता है, तो बैंक साक्षात्कार के लिए स्थान/केंद्र तय करेगा। यदि उम्मीदवारों को बुलाया जाता है, तो उन्हें बैंक द्वारा निर्धारित केंद्र/स्थान पर साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा और इस संबंध में किसी भी अनुरोध पर बैंक द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

19. यदि उम्मीदवार को साक्षात्कार/सीटीसी पर बातचीत के लिए बुलाया जाता है और यदि वह पात्रता मानदंडों (आयु, शैक्षणिक योग्यता, अन्य योग्यता और अनुभव आदि) को पूरा नहीं करता/करती है तो उसे न तो साक्षात्कार में उपस्थित होने दिया जाएगा और न ही वे यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे।

20. यदि अंतिम मेरिट लिस्ट (कट–ऑफ अंक पर समान अंक) में एक से अधिक उम्मीदवारों के कट–ऑफ अंकों के रूप में एकसमान अंक आते हैं, तो ऐसे उम्मीदवारों को मेरिट में उनकी आयु के अनुसार अवरोही क्रम में स्थान दिया जाएगा।

21. किसी पत्र के मिलने में विलंब होने या न मिलने के लिए बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

22. जो उम्मीदवार सरकारी/अर्ध–सरकारी कार्यालयों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं, उन्हें सूचना दी जाती है कि वे **साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर प्रस्तुत करें, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा** और यदि वे किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा।

23. चयन की दशा में, उम्मीदवार से अपेक्षा होगी कि वह नियुक्ति प्राप्त करते समय अपने वर्तमान नियोक्ता से उचित डिस्चार्ज प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करें।

क. पद/नियुक्ति की प्रकृति/रिक्तियाँ/आयु का विवरण:

क्र. सं.	पद का नाम	नियुक्ति की प्रकृति	रिक्तियाँ का प्रकार	रिक्तियाँ				आयु वर्षों में^ (31.08.2026 तक)	
				यूआर	अ.जा.	कुल	पीडब्ल्यूबीडी # (वीआई)	न्यूनतम	अधिकतम
1.	**डीन,** **स्टेट बैंक इंस्टीट्यूट ऑफ लीडरशिप (एसबीआईएल), कोलकाता**	**संविदात्मक**	**नियमित**	1	--	1	1	40	55
			बैकलॉग	--	--	--	--		
2.	**संकाय,** **स्टेट बैंक इंस्टीट्यूट ऑफ लीडरशिप (एसबीआईएल), कोलकाता**		**नियमित**	--	--	--	--	35	55
			बैकलॉग	--	1	1	1		
3.	**मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव,** **स्टेट बैंक इंस्टीट्यूट ऑफ लीडरशिप (एसबीआईएल), कोलकाता**		**नियमित**	1	--	1	--	28	40
			बैकलॉग	--	--	--	1		
कुल				**2**	**1**	**3**	**3**		

- समस्तरीय रिक्तियाँ।

^ भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आयु में छूट उपलब्ध है।

संक्षेपाक्षर: यूआर – अनारक्षित; **अ.जा. –** अनुसूचित जाति, **पीडब्ल्यूबीडी –** निर्धारित बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति; **वीआई –** दृष्टि बाधित;

महत्वपूर्ण बिंदु:

1. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षण समस्तरीय है और संबंधित मूल श्रेणी की समग्र रिक्ति में शामिल है (जहां लागू हो)।
2. ऊपर उल्लिखित आरक्षित रिक्त–पदों सहित रिक्तियों की संख्या **अनंतिम है** और यह बैंक की वास्ताविक आवश्यकता के अनुसार **बदल सकती है।**
3. चयनित उम्मीदवारों की तैनाती/प्लेसमेंट/उपयोग बैंक के पूर्ण विवेकाधिकार पर किया जाएगा।
4. इंगित अधिकतम आयु अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए है। आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार **ऊपरी आयु सीमा में छूट** उपलब्ध है (जहां लागू हो)।
5. विभिन्न श्रेणियों के तहत आरक्षण भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार होगा (जहां लागू हो)।
6. निर्धारित बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी), सहित आरक्षित श्रेणी से संबंधित सभी उम्मीदवार जिनके लिए आरक्षण का कोई उल्लेख नहीं किया गया है, अनारक्षित श्रेणी के लिए घोषित रिक्तियों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं, बशर्ते वे अनारक्षित श्रेणी के लिए लागू सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों।
7. पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी सहित आरक्षित श्रेणी (अर्थात एससी) के तहत आरक्षण/छूट का लाभ केवल **भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर** सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही प्राप्त किया जा सकता है।
8. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार को भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा (जहां लागू हो)।
9. केवल **निर्धारित दिव्यांगता** वाले व्यक्ति ही निर्धारित दिव्यांगता (PwBD) श्रेणी के तहत आरक्षण के लिए पात्र होंगे। **'निर्धारित दिव्यांगता वाले व्यक्ति'** से आशय उस व्यक्ति से है जो विनिर्दिष्ट दिव्यांगता का कम से कम 40 प्रतिशत दिव्यांग है और जहाँ विनिर्दिष्ट दिव्यांगता को मापन श्रेणी में नहीं रखा गया है। लेकिन इसके अंतर्गत वह दिव्यांग व्यक्ति भी आता है जिसकी दिव्यांगता को प्रमाणित करने वाले प्राधिकारी के प्रमाणन के अनुसार मापन श्रेणी में रखा गया है। आरक्षण का लाभ उठाने के इच्छुक व्यक्ति को चिकित्सा प्राधिकारी या किसी अन्य अधिसूचित सक्षम प्राधिकारी (प्रमाणकर्त्ता प्राधिकारी) द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी नवीनतम दिव्यांगता प्रमाण पत्र जमा करना होगा। **प्रमाणपत्र आवेदन के पंजीकरण की अंतिम तिथि या उससे पहले का होना चाहिए। वैध प्रमाण पत्र के अभाव में, उम्मीदवारी रद्द/अस्वीकृत की जा सकती है और इस संबंध में किसी भी पत्र–व्यवहार पर बैंक द्वारा विचार नहीं किया जाएगा**। दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 34 के अनुसार निर्धारित दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को समस्तरीय आरक्षण दिया गया है। पद के लिए उपयुक्त दिव्यांगता श्रेणियां और कार्य संबंधी आवश्यकताएं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की 4 जनवरी 2021 की भारत के राजपत्र की अधिसूचना संख्या 38-16/2020-DD-III के अनुसार होंगी।

ख. शैक्षणिक योग्यता/प्रमाणपत्र/कार्य अनुभव/आवश्यक विशिष्ट कौशल का विवरण:

पद संख्या/पद नाम	1 - डीन, स्टेट बैंक इंस्टीट्यूट ऑफ लीडरशिप (एसबीआईएल), कोलकाता
मूल शैक्षणिक योग्यता (31.08.2026 तक)	न्यूनतम 55% अंकों के साथ किसी भी विषय में एमबीए/ एग्जीक्यूटिव एमबीए/ पीजीडीएम/ पीजीडीबीए या इसके समतुल्य डिग्री या भारतीय विश्वविद्यालय या भारतीय/ अंतर्राष्ट्रीय 'B' स्कूल से पी.एचडी/ एम फिल। बैंकिंग और वित्त के क्षेत्र में एमबीए/ पीएचडी/ एम फिल की डिग्री रखने वालों और/ या कार्यपालक शिक्षा में अध्यापन का अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी।
अन्य योग्यताएँ (31.08.2026 तक)	मानव संसाधन क्षेत्र में प्रमाणपत्र (जैसे एचआर परिचालन, प्रतिभा प्रबंधन, कर्मचारी संबंध, एचआर क्षमताएँ, नेतृत्व, संगठनात्मक विकास या कोई अन्य समकक्ष प्रमाणपत्र) और कॉर्पोरेट नेतृत्व भूमिकाओं/ कार्यपालक शिक्षा में कार्य का अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी।
मूल योग्यता के बाद कार्य अनुभव (31.08.2026 तक)	कुल 15 वर्ष का अनुभव ज़रूरी है। इसमें से न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव डीन/ उप डीन/ प्रधानाचार्य/ निदेशक/ उप निदेशक/ संयुक्त निदेशक/ प्रमुख/ केंद्र प्रमुख/ मुख्य शिक्षण अधिकारी/ वरिष्ठ वाइस प्रेसिडेंट/ वाइस प्रेसिडेंट या बैंक के प्रशिक्षण संस्थान/ विश्वविद्यालय/ बिजनेस स्कूल/ कॉर्पोरेट लर्निंग अकादमी/ सार्वजनिक क्षेत्र के प्रशिक्षण संस्थान/ अन्य शैक्षणिक संस्थानों में समतुल्य पद पर होना चाहिए। प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में कार्य करने का अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। कॉर्पोरेट नेतृत्व भूमिकाओं/ कार्यपालक शिक्षा में कार्य करने का अनुभव रखने वालों को भी प्राथमिकता दी जाएगी।
विशिष्ट कौशल:	• अनुभवी प्रशासक (अकादमिक या बैंकिंग और वित्त उद्योग) • फ़ैकल्टी के साथ अच्छे संबंध बनाने और उन्हें बनाए रखने, तथा शिक्षण के बेहतरीन तरीकों को अपनाने में कुशल। • विशिष्ट नेतृत्व कौशल के साथ सक्रिय • शोध अध्ययनों का नेतृत्व करने की क्षमता • टेक्नोलॉजी में कुशल और डिजिटल युग में प्रशिक्षण का नेतृत्व करने में सक्षम • मजबूत संप्रेषण और निर्णय लेने का कौशल

पद संख्या/पद नाम	2 - संकाय, स्टेट बैंक इंस्टीट्यूट ऑफ लीडरशिप (एसबीआईएल), कोलकाता
मूल शैक्षणिक योग्यता (31.08.2026 तक)	न्यूनतम 55% अंकों के साथ किसी भी विषय में स्नातकोत्तर। मानव संसाधन/ वित्त/ बैंकिंग में एमबीए/ पीजीडीएम/ एमएचआरएम का प्रमाणपत्र रखने वालों और कार्यपालक शिक्षा में अध्यापन का अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। पीएचडी/ एम. फिल का सफलतापूर्वक पूरा करना इस पद के लिए एक अतिरिक्त योग्यता होगी।
अन्य योग्यताएँ (31.08.2026 तक)	निम्न को प्राथमिकता दी जाएगी: ➢ जिनके पास आईआईबीएफ सर्टिफ़िकेशन, सीएफए या एफआरएम जैसे प्रमाणपत्र हों। ➢ जिनके रिसर्च पेपर, किताबें आदि प्रकाशित हो चुकी हों। निम्नलिखित में से किसी भी डोमेन में विशेषज्ञता: • नेतृत्व • मानव संसाधन • व्यवहार विज्ञान • संगठनात्मक व्यवहार ➢ उन लोगों को वरीयता दी जाएगी जिनके पास अपने संबंधित डोमेन से संबंधित एक से अधिक योग्यता और प्रमाणपत्र हैं।
मूल योग्यता के बाद कार्य अनुभव (31.08.2026 तक)	बैंक के प्रशिक्षण संस्थान/ विश्वविद्यालय/ बिजनेस स्कूल/ कॉर्पोरेट लर्निंग अकादमी/ सार्वजनिक क्षेत्र के प्रशिक्षण संस्थान/ अन्य शैक्षणिक संस्थानों में संकाय/ प्रोफेसर/ सहायक प्रोफेसर/ एसोसिएट प्रोफेसर/ कॉर्पोरेट प्रशिक्षक या इनके समतुल्य पद पर न्यूनतम 6 वर्ष का शिक्षण अनुभव होना चाहिए। कॉर्पोरेट नेतृत्व भूमिकाओं और कार्यपालक शिक्षा में प्रमाणित अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी।
विशिष्ट कौशल:	विशिष्ट शिक्षण क्षमताओं और मजबूत संप्रेषण कौशल के साथ अग्रसक्रिय।

पद संख्या/पद नाम	3 - मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, स्टेट बैंक इंस्टीट्यूट ऑफ लीडरशिप (एसबीआईएल), कोलकाता
मूल शैक्षणिक योग्यता (31.08.2026 तक)	मार्केटिंग में एमबीए या इसके समतुल्य डिग्री। न्यूनतम प्रतिशत अंक – 55%
अन्य अधिमान्य योग्यताएं (31.08.2026 तक)	डिजिटल मार्केटिंग, सीआरएम, मार्केटिंग एनालिटिक्स या सोशल मीडिया मार्केटिंग में प्रमाणपत्र।
मूल योग्यता के बाद कार्य अनुभव (31.08.2026 तक)	विपणन में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव। कुल 5 वर्षों में से कम से कम 3 वर्ष का अनुभव एक्जीक्यूटिव एजुकेशन, मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, यूनिवर्सिटी, ट्रेनिंग या एडटेक संस्थाओं की मार्केटिंग का होना चाहिए। ब्रांडिंग, अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी, प्रोग्राम पोर्टफोलियो निर्णाण और राजस्व सृजन में अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी।
विशिष्ट कौशल (यदि कोई हों)	सीआरएम प्लेटफ़ॉर्म संभालना/ ईमेल अभियान प्रबंधन/ लिंक्डइन मार्केटिंग/ एआई-इनेबल्ड टूल्स का इस्तेमाल करना।

महत्वपूर्ण बिंदु:

1. विभिन्न पदों के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम है। उम्मीदवार को निर्दिष्ट तिथियों तक मूल योग्यता के बाद और प्रासंगिक पूर्णकालिक अनुभव होना चाहिए।
2. **नियोक्ता से प्राप्त प्रासंगिक अनुभव प्रमाण पत्र में विशेष रूप से उल्लेख होना चाहिए कि उम्मीदवार को संबंधित क्षेत्र में अपेक्षित अनुभव है।**
3. यदि डिग्री/डिप्लोमा के प्रमाणपत्र विशेषज्ञता का क्षेत्र निर्दिष्ट नहीं करते हैं, तो वहाँ उम्मीदवार को संबंधित विश्वविद्यालय/कॉलेज से विशेष रूप से विशेषज्ञता का उल्लेख करने वाला प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

ग. कार्य की संक्षिप्त रुपरेखा, भूमिका और दायित्व, कार्य, कार्यकलाप और वेतन का विवरण:

क्र. सं.	पद	कार्य की रुपरेखा, भूमिका, उत्तरदायित्व और कार्यों के विवरण
1.	**डीन,** **स्टेट बैंक इंस्टीट्यूट ऑफ लीडरशिप (एसबीआईएल), कोलकाता**	**कार्य प्रोफाइल:** संस्थान के डीन मुख्य रूप से अकादमिक प्रमुख होंगे। वह संस्थान को बीएफएसआई क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान के रूप में स्थापित करने का प्रयास करेंगे। पाठ्यक्रम डिजाइन करने और शोध का नेतृत्व करने के अलावा, डीन संस्थान/कार्यक्रमों का बाहरी संस्थानों में विपणन (मार्केटिंग) भी करेंगे। डीन के प्राथमिक कार्य निम्नानुसार होंगे: – **1 - अकादमिक:** ➢ संस्थान के लक्ष्य और नीति निर्देशक सिद्धांतों का कार्यान्वयन ➢ नियुक्त परिषदों के साथ काम करना और उस दिशा में पाठ्यक्रम और पाठ्यचर्या को परिभाषित करने के लिए विशेषज्ञता लाना ➢ शिक्षण, ज्ञानार्जन, अनुसंधान और ज्ञान हस्तांतरण के सभी पहलुओं सहित संकाय के शैक्षणिक नेतृत्व के लिए जिम्मेदार होना ➢ एसबीआईएल के सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए समग्र जिम्मेदारी लेना ➢ प्रतिभागियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले ज्ञानार्जन के अनुभव को सुनिश्चित करने के लिए नेतृत्व की जिम्मेदारी लेना ➢ एसबीआईएल में अनुसंधान गतिविधियों का नेतृत्व करना **2 - विपणन** ➢ भारत और विदेश में बैंकिंग और वित्त में प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए एसबीआईएल को प्रमुख संस्थान के रूप में स्थापित करने के लिए रणनीतियों को डिजाइन और कार्यान्वित करना। ➢ एसबीआईएल को बढ़ावा देने और विशेषज्ञता लाने के लिए सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थानों के साथ रणनीतिक साझेदारी बनाना। ➢ उद्योग की प्रवृत्तियों के अनुरूप पाठ्यक्रम और कार्यक्रम विकसित करने के लिए भारत और विदेश में बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों के साथ संबंध बनाना। **3 - प्रशासनिक** *(निदेशक की सहायता करना)* ➢ संस्थान के लिए नीतियों और दिशा–निर्देशों को निर्धारित करना ➢ एसबीआईएल की कार्यपालक और अन्य समितियों का सदस्य होना और संस्थान के कार्यों का नेतृत्व और प्रबंधन करना ➢ अधिकतम दक्षता और प्रभावशीलता प्राप्त करने के लिए आवश्यकतानुसार संकाय स्टाफ का नेतृत्व और तैनाती करना ➢ पद के ग्रेड के अनुरूप कोई अन्य जिम्मेदारी लेना।
	पद के प्रमुख उत्तरदायित्व क्षेत्र (केआरए) **टिप्पणी:** वास्तविक केआरए कार्यग्रहण करने पर सौंपा जाएगा। ऊपर वर्णित भूमिकाएं/ दायित्व/ कार्य रूपरेखा उदाहरण स्वरुप हैं। ऊपर उल्लिखित दायित्वों के अलावा, बैंक द्वारा आवश्यकताओं के अनुसार समय–समय पर अन्य भूमिकाएं/ जिम्मेदारियां/ गतिविधियां/ प्रमुख इंटरैक्शन/ कार्य भी सौंपे जा सकते हैं।	केआरए के अनुसार कार्य–निष्पादन का मूल्यांकन 31 मार्च और 30 सितंबर को परिवर्ती वेतन, जैसा लागू हो, के भुगतान के लिए किया जाएगा। केआरए की सांकेतिक सूची नीचे दी गई है; हालाँकि, बैंक आवश्यकताओं के आधार पर और डीन के साथ चर्चा के बाद अतिरिक्त केआरए आवंटित कर सकता है। ➢ संस्थान में वेबिनार सत्र आयोजित करना ➢ संस्थान की संपदाओं का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना, बाहरी कार्यक्रमों के लिए मार्केटिंग/परामर्श सेवाएं प्रदान कर राजस्व अर्जित करना। ➢ बाहरी संस्थानों और गणमान्य व्यक्तियों को शामिल करते हुए वैश्विक/राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन/सेमिनार/लाइव कार्यक्रम आयोजित करना ➢ प्रमुख पत्रिकाओं/प्रकाशनों/केस स्टडीज़ में लेखों/शोध पत्रों का प्रकाशन ➢ बाहरी भागीदारों के साथ गठजोड़/एमओयू निष्पादित करना ➢ बाहरी संगठनों के लिए कार्यक्रम/वेब सीरीज: ऑनलाइन/मिश्रित (बाहरी) ➢ नई वेब सीरीज/विशेष कार्यक्रम (आंतरिक) डिजाइन करना/आयोजित करना/समन्वय करना ➢ किसी भी सार्वजनिक मंच पर बीएफएसआई से संबंधित विषयों पर प्रस्तुति देना।
	सीटीसी (प्रति वर्ष)* सीटीसी का विभाजन (परिवर्ती और नियत वेतन) अन्य भत्ते यदि कोई हों	98 लाख रुपये तक (सीटीसी को 80:20 के अनुपात में नियत वेतन और परिवर्ती वेतन में विभाजित किया जाएगा) डीन को सम्मेलनों में बोलने, शोध विद्वानों का मार्गदर्शन करने, परामर्श देने, शोध करने आदि के लिए शैक्षणिक स्वतंत्रता होगी। डीन को बाहरी शिक्षण/परामर्श के लिए महीने में अधिकतम 5 दिन की अनुमति दी जा सकेगी। ऐसी गतिविधियों से प्रति वर्ष 10 लाख रुपये से अधिक की आय बैंक के साथ 60:40 के अनुपात में साझा की जाएगी (अर्थात 60% डीन अपने पास रखेंगे और 40% बैंक में जमा किया जाएगा)।
	अन्य सुविधाएं	कंपनी को पड़ने वाली समग्र लागत (सीटीसी) में नियत वेतन, परिवर्ती वेतन और आवास व वाहन की सुविधा का विकल्प शामिल है। **आवास और वाहन:** डीन को एसबीआईएल कैंपस में बैंक के आवास और एसबीआईएल द्वारा उपलब्ध कराए गए वाहन का इस्तेमाल करने की अनुमति मिल सकती है (यह उपलब्धता पर निर्भर करेगा)। ऐसे मामलों में, लागू होने वाली अनुमानित राशि सीटीसी से काट ली जाएगी।
	तैनाती का स्थान	**स्टेट बैंक इंस्टीट्यूट ऑफ़ लीडरशिप, न्यू टाउन, कोलकाता** या भारत में कहीं भी, अगर कोई प्रशासनिक ज़रूरत हो।

क्र. सं.	पद	कार्य की रुपरेखा, भूमिका, उत्तरदायित्व और कार्यों के विवरण
2.	**संकाय, स्टेट बैंक इंस्टीट्यूट ऑफ लीडरशिप (एसबीआईएल), कोलकाता**	चयनित उम्मीदवार संस्थान में प्रशिक्षण गतिविधि में निम्नलिखित रूप में सक्रिय रूप से भाग लेंगे और योगदान देंगे: ➢ एसबीआईएल में आनेवाले बैंक/अन्य बैंकों और संस्थानों के शीर्ष/वरिष्ठ अधिकारियों की नेतृत्व क्षमताओं का विकास करना। ➢ संस्थान के विभिन्न कार्यक्रमों में नेतृत्व विकास से संबंधित विषयों पर सत्र लेना। ➢ संस्थान के आवश्यकतानुसार शैक्षणिक प्रशासन गतिविधियों में भाग लेना। ➢ बैंक के वरिष्ठ/शीर्ष अधिकारियों के नेतृत्व कौशल में प्रशिक्षण की आवश्यकता और उसकी कमियों की पहचान करना और साथ मिलकर ट्रेनिंग प्रोग्राम तैयार करना व उन्हें लागू करना। ➢ प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सामग्री और कार्यप्रणाली/शिक्षण पद्धति में लगातार सुधार लाकर प्रतिभागियों की क्षमता के स्तर का उन्नयन सुनिश्चित करना। ➢ नेतृत्व विकास के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम/कार्यशालाओं का विकास और संचालन करना। ➢ प्रशिक्षण मूल्यांकन विधियों को स्थापित करना, प्रतिक्रिया प्राप्त करना और जहां आवश्यक हो या निरंतर आधार पर उचित सुधारात्मक उपाय शुरू करना। ➢ संस्थान में विभिन्न कार्यशालाओं, सम्मेलनों, पैनल चर्चाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करना। ➢ यह सुनिश्चित करना कि सर्वोत्तम और नए मानव संसाधन प्रथाओं के अनुसरण में निरंतर अद्यतन के साथ सही प्रकार के प्रशिक्षण प्रदान किए जाएं। ➢ प्रशिक्षण में अधिकतम प्रभावशीलता प्राप्त करने के लिए संस्थान के ब्रांड का निर्माण करने के लिए उचित मंचों पर संस्थान, कार्यक्रमों को बढ़ावा देना।
	पद के प्रमुख उत्तरदायित्व क्षेत्र (केआरए)	केआरए के अनुसार कार्य–निष्पादन का मूल्यांकन 31 मार्च और 30 सितंबर को परिवर्ती वेतन, जैसा लागू हो, के भुगतान के लिए किया जाएगा। केआरए की सांकेतिक सूची नीचे दी गई है; हालाँकि, बैंक आवश्यकताओं के आधार पर और संविदात्मक संकाय के साथ चर्चा के बाद अतिरिक्त केआरए आवंटित कर सकता है। ➢ ऑफ़लाइन/ऑनलाइन आयोजित सत्रों की संख्या ➢ निर्धारित सीमा से ऊपर औसत सत्र रेटिंग स्कोर ➢ बाहरी कार्यक्रमों के माध्यम से बैंक के लिए राजस्व अर्जन ➢ प्रतिष्ठित प्रकाशनों में प्रकाशित जर्नलों/लेखों की संख्या ➢ आयोजित वैश्विक/राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन/सेमिनार/लाइव कार्यक्रम ➢ निर्मित और संचालित नई वेब सीरीज/वेबिनारों की संख्या ***टिप्पणी:*** *वास्तविक केआरए कार्यग्रहण करने पर सौंपा जाएगा। ऊपर वर्णित भूमिकाएं/ दायित्व/ कार्य रूपरेखा उदाहरण स्वरुप में हैं। ऊपर उल्लिखित दायित्वों के अलावा, बैंक द्वारा आवश्यकताओं के अनुसार समय–समय पर अन्य भूमिकाएं/ जिम्मेदारियां/ गतिविधियां/ प्रमुख इंटरैक्शन/ कार्य भी सौंपे जा सकते हैं।*
	सीटीसी (प्रति वर्ष)* सीटीसी का विभाजन (परिवर्ती और नियत वेतन) अन्य भत्ते यदि कोई हों	63 लाख रुपये तक (सीटीसी को 80:20 के अनुपात में नियत वेतन और परिवर्ती वेतन में विभाजित किया जाएगा) बाह्य संकाय को बाहरी शिक्षण/परामर्श के लिए महीने में अधिकतम 5 दिन की अनुमति दी जाएगी। ऐसी गतिविधियों से प्रति वर्ष 7 लाख रुपये से अधिक की आय बैंक के साथ 60:40 के अनुपात में साझा की जाएगी (अर्थात 60% राशि संकाय अपने पास रखेंगे और 40% बैंक में जमा करना होगा)।
	अन्य सुविधाएं	कंपनी को पड़ने वाली समग्र लागत (सीटीसी) में नियत वेतन, परिवर्ती वेतन और आवास का विकल्प शामिल है। **आवास:** संकाय को एसबीआईएल कैंपस में बैंक के आवास का इस्तेमाल करने की अनुमति मिल सकती है (यह उपलब्धता पर निर्भर करेगा)। ऐसे मामलों में, लागू होने वाली अनुमानित राशि सीटीसी से काट ली जाएगी।
	तैनाती का स्थान	**स्टेट बैंक इंस्टीट्यूट ऑफ़ लीडरशिप, न्यू टाउन, कोलकाता** या भारत में कहीं भी, अगर कोई प्रशासनिक ज़रूरत हो।

क्र. सं.	पद	कार्य की रुपरेखा, भूमिका, उत्तरदायित्व और कार्यों के विवरण
3.	**मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, स्टेट बैंक इंस्टीट्यूट ऑफ लीडरशिप (एसबीआईएल), कोलकाता**	**1 - विपणन:** विपणन कार्यपालक मुख्य रूप से बीएफएसआई क्षेत्र में बाहरी संगठनों के लिए एसबीआईएल में आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों/सम्मेलन/कार्यशालाओं आदि की विपणन गतिविधि को संचालित करेगा, जो ऑफ़लाइन और ऑनलाइन दोनों तरीकों से आयोजित किए जाएंगे। **2 - कॉर्पोरेट संबंध:** विपणन कार्यपालक एसबीआईएल द्वारा डिजाइन किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रमों और एसबीआईएल द्वारा तैयार किए गए ई–पाठ/अन्य शिक्षा सामग्री के विपणन के लिए भारत के भीतर और बाहर वाणिज्यिक बैंकों (सार्वजनिक और निजी), सहकारी बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, अन्य वित्तीय संस्थाओं/कॉर्पोरेट संगठनों के साथ संपर्क करेगा। **3 - मार्केटिंग एनालिटिक्स:** विपणन कार्यपालक एकीकृत विपणन अभियानों की देखरेख और विकास करेगा, बाजार अनुसंधान करेगा और सामान्य रूप से प्रशिक्षण और विशेष रूप से कार्यपालक शिक्षा के क्षेत्र में एसबीआईएल उत्पादों के लिए लक्षित समूहों की पहचान और परिभाषित करने के लिए डेटा का विश्लेषण करेगा। **4 - रणनीतिक मार्केटिंग:** मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव (ME) विपणन प्रशिक्षण कार्यक्रम और एसबीआईएल के संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करने के लिए विचार और रणनीतियाँ बनाएगा और उन्हें पेश करेगा, साथ ही राजस्व बढ़ाने के लिए अनुमोदित विचारों को लागू करेगा।
	पद के प्रमुख उत्तरदायित्व क्षेत्र (केआरए)	केआरए के अनुसार कार्य–निष्पादन का मूल्यांकन 31 मार्च और 30 सितंबर को परिवर्ती वेतन, जैसा लागू हो, के भुगतान के लिए किया जाएगा। केआरए की सांकेतिक सूची नीचे दी गई है; हालाँकि, बैंक आवश्यकताओं के आधार पर और विपणन कार्यपालक के साथ चर्चा के बाद अतिरिक्त केआरए आवंटित कर सकता है। ➢ राजस्व में वृद्धि ➢ लीड निर्माण और कंवर्जन ➢ प्रोग्राम/ इवेंट मार्केटिंग लक्ष्यों के अनुसार प्रतिभागियों का नामांकन ➢ नई संस्थागत भागीदारी और कॉर्पोरेट के साथ सतत् जुड़ाव ➢ डिजिटल मार्केटिंग ➢ इवेंट की सफलता ***टिप्पणी:*** *वास्तविक केआरए कार्यग्रहण करने पर सौंपा जाएगा। ऊपर वर्णित भूमिकाएं/ दायित्व/ कार्य रूपरेखा उदाहरण स्वरुप में हैं। ऊपर उल्लिखित दायित्वों के अलावा, बैंक द्वारा आवश्यकताओं के अनुसार समय–समय पर अन्य भूमिकाएं/ जिम्मेदारियां/ गतिविधियां/ प्रमुख इंटरैक्शन/ कार्य भी सौंपे जा सकते हैं।*
	सीटीसी (प्रति वर्ष)* सीटीसी का विभाजन (परिवर्ती और नियत वेतन)	52 लाख रुपये (सीटीसी को 80:20 के अनुपात में नियत वेतन और परिवर्ती वेतन में विभाजित किया जाएगा)
	अन्य सुविधाएं	कंपनी को पड़ने वाली समग्र लागत (सीटीसी) में नियत वेतन, परिवर्ती वेतन और आवास का विकल्प शामिल है। **आवास:** मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव को एसबीआईएल कैंपस में बैंक के आवास का इस्तेमाल करने की अनुमति मिल सकती है (यह उपलब्धता पर निर्भर करेगा)। ऐसे मामलों में, लागू होने वाली अनुमानित राशि सीटीसी से काट ली जाएगी।
	तैनाती का स्थान	**स्टेट बैंक इंस्टीट्यूट ऑफ़ लीडरशिप, न्यू टाउन, कोलकाता** या भारत में कहीं भी, अगर कोई प्रशासनिक ज़रूरत हो।

^ वार्षिक सीटीसी बातचीत से तय की जाएगी और यह वर्तमान रोजगार में उम्मीदवारों के अनुभव और परिलब्धियों और पदस्थापना के स्थान पर निर्भर करेगी।

घ. चयन प्रक्रिया: चयन इस आधार पर होगा: –

डीन और संकाय के पद के लिए – शॉर्टलिस्टिंग और साक्षात्कार के साथ डेमो सत्र।

मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के पद के लिए – शॉर्टलिस्टिंग और साक्षात्कार।

- ❖ **शॉर्टलिस्टिंग:** बैंक द्वारा गठित शॉर्टलिस्टिंग समिति शॉर्टलिस्टिंग मानदंड निर्धारित करेगी और उसके पश्चात् बैंक द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार शॉर्टलिस्ट कर साक्षात्कार के लिए बुलाए जाएंगे। साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को बुलाए जाने का बैंक का निर्णय अंतिम होगा। **इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। न्यूनतम योग्यता और अनुभव होने मात्र से उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।**
- ❖ **साक्षात्कार/ साक्षात्कार सह डेमो प्रशिक्षण सत्र:** साक्षात्कार/ साक्षात्कार सह डेमो प्रशिक्षण सत्र 100 अंकों का होगा। साक्षात्कार में अर्हक अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे। इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
- ❖ **सीटीसी पर बातचीत:** उम्मीदवारों के साथ सीटीसी पर बातचीत मेरिट के क्रम में एक–एक करके की जाएगी (यानी, अगर चयनित उम्मीदवार बातचीत से तय राशि पर सहमत नहीं होता है, तो उस उम्मीदवार का नाम भर्ती प्रक्रिया से स्वेच्छा से हटने के तौर पर माना जाएगा और मेरिट सूची में अगले उम्मीदवार को बातचीत के लिए बुलाया जाएगा)। सीटीसी पर बातचीत साक्षात्कार के समय या साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी होने के बाद अलग से की जा सकती है।
- ❖ **मेरिट सूची:** चयन के लिए मेरिट सूची केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर अवरोही क्रम में तैयार की जाएगी। एक से अधिक उम्मीदवारों द्वारा निर्दिष्ट अंक प्राप्त करने पर (निर्दिष्ट सीमा पर एक समान अंक होने पर), ऐसे उम्मीदवारों को मेरिट सूची में उनकी आयु के आधार पर अवरोही क्रम में स्थान दिया जाएगा।
- ❖ **अंतिम चयन:** मेरिट सूची में सबसे ऊपर वाले उम्मीदवार, जिनके साथ सीटीसी पर बातचीत सफल रही है, उन्हें अंतिम रूप से चयन किया जाएगा।

ङ. छुट्टी: संविदा पर रखे गए प्रस्तावित अधिकारियों (OECs) को वित्तीय वर्ष के दौरान 30 दिन की छुट्टी मिलेगी, जो बैंक द्वारा वास्तविक और उचित कारणों के लिए मंजूर की जाएगी।

च: संविदा की अवधि: 3 वर्ष। बैंक के विवेक से और परस्पर सहमत शर्तों पर इसे अधिकतम 2 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। (कुल नियुक्ति अवधि 5 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए)।

छ. साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर:

साक्षात्कार के लिए सूचना/ कॉल लेटर बैंक की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा या ईमेल द्वारा भेजा जाएगा, जैसा भी बैंक द्वारा तय किया जाएगा। **कोई हार्ड कॉपी नहीं भेजी जाएगी।**

ज. पारिश्रमिक: वार्षिक सीटीसी, जिस पर बातचीत की जा सकती है, वर्तमान रोजगार और पोस्टिंग के स्थान पर उम्मीदवारों के अनुभव और वर्तमान परिलब्धियों पर निर्भर करेगा। सीटीसी में 80% नियत और 20% परिवर्ती वेतन होता है। सीटीसी में वार्षिक वेतनवृद्धि संतोषजनक वार्षिक कार्य–निष्पादन के अधीन है।

परिवर्ती वेतन: संविदात्मक अधिकारी प्रासंगिक अवधि के प्रदर्शन मूल्यांकन में न्यूनतम अर्हक 90% अंक प्राप्त करने के अधीन परिवर्ती वेतन के भुगतान के पात्र होंगे। मूल्यांकन को 31 मार्च और 30 सितंबर को छमाही अंतराल पर भी संकलित किया जाएगा। यदि संविदा 6 महीने (दूसरे वर्ष से आगे से) पूरा होने से पहले समाप्त हो जाती है, तो परिवर्तनीय वेतन आनुपातिक आधार पर जारी किया जाएगा।

 # संविदात्मक अधिकारी के कार्य–निष्पादन के आधार पर परिवर्ती वेतन संरचना निम्नानुसार होगी:

99 से 100%	100%
97 से 98.99 %	90%
94 से 96.99%	80%
90 से 93.99%	70%
90% से कम	**शून्य**

वार्षिक वेतनवृद्धि: दूसरे वर्ष से और इसके आगे वार्षिक वेतनवृद्ध बातचीत के समय अंतिम रूप दिए गए वार्षिक सीटीसी का 10% हो सकता है, बशर्ते कार्य–निष्पादन मूल्यांकन अंक कम से कम 90% हो (वार्षिक वेतनवृद्धि के लिए आवश्यक न्यूनतम अंक) वार्षिक वेतनवृद्धि का विभाजन नियत और परिवर्ती घटकों के हिसाब से होगा (नियम: परिवर्ती : 80:20)।

झ. आवेदन कैसे करें:

उम्मीदवारों की **वैध ईमेल आईडी** हो जिसे परिणाम घोषित होने तक एक्टिव रखा जाए। इससे उन्हें अपना कॉल लेटर/साक्षात्कार संबंधी सूचना आदि ईमेल के माध्यम से प्राप्त करने में सहायता होगी।

ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिशानिर्देश:

i. उम्मीदवार एसबीआई की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण करें और इन्टरनेट बैंकिंग/ डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ यूपीआई आदि का उपयोग करके आवेदन शुल्क का भुगतान करें।

ii. उम्मीदवार सर्वप्रथम अपनी नवीनतम फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करें। ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि उम्मीदवार अपनी फोटो और हस्ताक्षर ऑनलाइन पंजीकरण पेज पर बताए अनुसार अपलोड ('दस्तावेज अपलोड कैसे करें' के अंतर्गत) नहीं कर देता/देती है।

iii. उम्मीदवार आवेदन को ध्यानपूर्वक भरें। आवेदन पूरी तरह से भरने के बाद ही उम्मीदवार इसे सबमिट करें। यदि एक बार में उम्मीदवार आवेदन नहीं भर पाता है, तो वह पहले से प्रविष्ट जानकारी को सेव कर सकता/सकती है। जब जानकारी/आवेदन को सेव किया जाएगा तो एक अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड सिस्टम द्वारा जनरेट किया जाएगा और यह स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा। **उम्मीदवार इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को नोट कर लें**। वे इस सेव किए हुए आवेदन को पंजीकरण नंबर और पासवर्ड का प्रयोग कर फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो दिए गए विवरण में संशोधन कर सकते हैं। सेव की गई जानकारी को बदल कर संशोधन करने की अनुमति मात्र तीन बार तक होगी। आवेदन के पूरी तरह से भरकर उम्मीदवार इसे सबमिट करें और ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करें।

iv. **उम्मीदवारों को यह सूचना दी जाती है कि वे ऑनलाइन पंजीकरण के बाद, सिस्टम निर्मित ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों को प्रिन्ट कर लें।**

v. आयु सीमा में छूट चाहने वाले उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन करते समय जरूरी प्रमाणपत्र (पत्रों) की प्रतियां प्रस्तुत करनी होगी। ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण के पश्चात, किसी उम्मीदवार की श्रेणी में कोई परिवर्तन संभव नहीं है।

शुल्क भुगतान के लिए दिशानिर्देश:

i. सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क और सूचित करने का शुल्क (वापस न करने योग्य) ₹750/- (सात सौ पचास रुपए मात्र) है और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति के उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क/सूचित करने का शुल्क नहीं है।

ii. आवेदन पत्र के विवरण सही हैं, यह सुनिश्चित कर लेने के बाद उम्मीदवार द्वारा आवेदन के साथ एकीकृत भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा। इसके बाद आवेदन में कोई परिवर्तन/ संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

iii. शुल्क का भुगतान वहां उपलब्ध भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन ही करना होगा। भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग/यूपीआई आदि द्वारा स्क्रीन पर बताई जानकारी के अनुसार किया जा सकता है। ऑनलाइन भुगतान करते समय यदि कोई लेनदेन शुल्क लागू हो तो वह उम्मीदवारों को ही वहन करना होगा।

iv. भुगतान कार्य सफलतापूर्वक हो जाने के बाद उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए जाने की तारीख के साथ ई–रसीद और आवेदन फॉर्म जनरेट होगा जिसे प्रिन्ट कर उम्मीदवार अपने पास रख लें।

v. यदि पहली बार में ऑनलाइन शुल्क का भुगतान नहीं हो पाता है, तो ऑनलाइन भुगतान के लिए फिर से प्रयास करें।

vi. शुल्क विवरणों सहित ई–रसीद और आवेदन फॉर्म का प्रिन्ट फिर से करने का भी प्रावधान है।

vii. **एक बार भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी कारण से वापस नहीं लौटाया जाएगा, न ही इसे किसी अन्य परीक्षा या भावी चयन के लिए समायोजित किया जाएगा।**

ञ. दस्तावेज़ अपलोड कैसे करें:

अ. अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज़ो का विवरण:

i. नवीनतम फोटोग्राफ

ii. हस्ताक्षर

iii. बायोडाटा (प्रारूप संलग्न) (पीडीएफ)

iv. जीवन वृत्त (पीडीएफ)

v. आईडी प्रमाण (पीडीएफ)

vi. जन्म तिथि का प्रमाण (पीडीएफ)

vii. शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र: संबंधित अंक तालिका/डिग्री प्रमाणपत्र (पीडीएफ)

viii. अनुभव प्रमाणपत्र (पीडीएफ)

ix. जाति प्रमाणपत्र/ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र (यदि लागू हो) (पीडीएफ)

x. पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणपत्र (यदि लागू हो) (पीडीएफ)

xi. अधिमान्य योग्यता/प्रमाणपत्र (यदि कोई हो) (पीडीएफ)

xii. वर्तमान नियोक्ता से फॉर्म-16/ ऑफ़र पत्र (पीडीएफ)

xiii. वर्तमान नियोक्ता से पिछले 3 महीनों की वेतन-पर्ची (पीडीएफ)

xiv. सीटीसी बातचीत का फ़ॉर्म

ब. फोटोग्राफ फाइल टाइप/साइज़:

i. फोटोग्राफ पासपोर्ट आकार की नवीनतम रंगीन फोटो होनी चाहिए।

ii. फाइल का आकार 20 केबी-50 केबी और डायमेंशन 200X230 पिक्सल (अधिमानत:) तक होना चाहिए।

iii. यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो रंगीन है, और सफेद या हल्के रंग की पृष्ठभूमि में लिया गया हो।

iv. तनावमुक्त होकर कैमरे में सामने की ओर देखें।

v. फोटो यदि धूप में ली गई हो तो सूरज आपके पीछे रहे या आप छाया में हों ताकि आपकी नज़र में तिरछापन न आए या फिर कोई छाया न पड़े।

vi. यदि फ्लैश का प्रयोग करना है, तो यह सुनिश्चित करें कि इसमें 'रेड-आई' नहीं है।

vii. यदि आप चश्मा लगाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परछाई नहीं पड़ रही है और आपकी आंखें साफ देखी जा सकती हैं।

viii. टोपी, हैट और गहरे रंग का चश्मा लगाया जाना स्वीकार्य नहीं है। धार्मिक प्रतीक पगड़ी बांध सकते हैं लेकिन इससे आपका चेहरा न ढकने पाए।

ix. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया गया चित्र 50 केबी से अधिक का नहीं है। फाइल का आकार यदि 50 केबी से अधिक का है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि स्कैनर पर सेट कर लें।

स. हस्ताक्षर फाइल का प्रकार/आकार:

i. आवेदक सफेद कागज पर काली स्याही से हस्ताक्षर करें।

ii. हस्ताक्षर आवेदक स्वयं करें न कि कोई अन्य व्यक्ति।

iii. कॉल लेटर तथा जहां आवश्यक होंगा वहां हस्ताक्षर का उपयोग किया जाएगा।

iv. फाइल का आकार 10 केबी-20 केबी के बीच का हो और डायमेंशन 140X60 पिक्सल (अधिमानत:) हो।

v. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किए गए चित्र का आकार 20 केबी से अधिक नहीं है।

vi. अंग्रेज़ी के कैपिटल लेटर में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होंगे।

द. दस्तावेज़ की फाइल का प्रकार/आकार:

i. सभी दस्तावेज़ पीडीएफ प्रारूप में हों। (फोटोग्राफ और हस्ताक्षर को छोड़कर)

ii. दस्तावेज़ के पृष्ठ का आकार ए4 का हो।

iii. फाइल का आकार 500 केबी से अधिक का न हो।

iv. दस्तावेज़ को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है। फाइल का आकार यदि 500 केबी से अधिक का है तो स्कैनर की सेटिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिज़ोल्यूंशन, रंगों की संख्या आदि समायोजित करें। यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए गए दस्तावेज़ साफ और पढ़े जा सकने योग्य हैं।

य. फोटो/हस्ताक्षर/दस्तावेज़ को स्कैन करने हेतु दिशा-निर्देश:

i. स्कैनर के रिज़ोल्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स प्रति इन्च) पर रखें।

ii. कलर को ट्रू कलर पर सेट करें।

iii. फोटो/हस्ताक्षर के किनारे तक क्रॉप करके इमेज को स्कैन करें फिर इमेज को अंतिम आकार (जैसा ऊपर बताया गया है) देने के लिए क्रॉप करने हेतु अपलोड एडिटर का प्रयोग करें।

iv. फोटो/हस्ताक्षर की फाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप में हो (यानी फाइल का नाम image01.jpg या image01.jpeg दिखाई दे)

v. इमेज के आयाम को फोल्डर/फाइल की लिस्टिंग कर या फिर फाइल इमेज के आइकन पर माउस को घुमाकर जांचा जा सकता है

vi. जो उम्मीदवार एमएस विन्डोज़/एमएस ऑफिस का प्रयोग करते हैं, वे आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फार्मेट में प्राप्त कर सकते हैं जो कि क्रमश: 50 केबी और 20 केबी से अधिक न हो। इसके लिए एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग करना होगा। स्कैन किया गया फोटो या हस्ताक्षर किसी भी फार्मेट सें जेपीजी (jpg) फार्मेट में सेव किए जा सकते हैं। इसके लिए फाइल मेन्यू में 'सेव ऐज़' के विकल्प का प्रयोग करना होगा। इमेज मेन्यू द्वारा क्रॉप और रिसाइज़ (बिंदु 1 और 2 ऊपर देखें जो कि पिक्स्ल आकार के लिए दिया हुआ है) विकल्प चुनकर फाइल के आकार को 50 केबी (फोटो) और 20 केबी (हस्ताक्षर) से कम किया जा सकता है। इसी तरह के विकल्प अन्य फोटो एडीटर में भी उपलब्ध हैं।

vii. ऑनलाइन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवार को एक लिंक उपलब्ध कराया जाएगा ताकि वह अपने फोटो और हस्ताक्षर को अपलोड कर सके।

र. दस्तावेज़ अपलोड करने की प्रक्रिया:

i. प्रत्येक दस्तावेज़ को अपलोड करने हेतु अलग-अलग लिंक दिए गए है।

ii. ''अपलोड'' का संबंधित लिंक क्लिक करें।

iii. ब्राउज़ करके उस जगह को चुनें जहां कि जेपीजी या जेपीईजी, पीडीएफ, डीओसी या डीओसीएक्स फाइल को सेव किया गया है।

iv. फाइल पर क्लिक कर इसे चुनें और अपलोड का बटन क्लिक करें।

v. आवेदन सबमिट करने से पहले डॉक्यूमेंट अपलोड हो गया है और सही तरह से खुल रहा है, इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू पर क्लिक करें। यदि फाइल का आकार और प्रारूप बताए अनुसार नहीं है तो इसमें त्रुटि का संदेश आएगा।

vi. दस्तावेज़ अपलोड/ सबमिट कर दिए जाने के बाद संशोधित/परिवर्तित नहीं हो सकेंगे।

vii. **ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटो/हस्ताक्षर अपलोड कर दिए जाने के बाद उम्मीदवार जांच लें कि फोटो साफ हैं और ये ठीक तरह से अपलोड हुए हैं**। यदि फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से नहीं दिखें तो उम्मीदवार अपने आवेदन को संशोधित कर सकता/सकती है और अपने फोटो या हस्ताक्षर आवेदन फार्म सबमिट किए जाने से पहले फिर से अपलोड कर सकता/सकती है। **यदि फोटो पर चेहरा या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं हैं तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है।**

ट. सामान्य जानकारी:

i. पद के लिए आवेदन करने से पहले आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पद के लिए उपर्युक्त वर्णित योग्यता और अन्य मानदंडों के लिए निर्धारित तारीख को पूरा करता/करती है और उसके द्वारा प्रस्तुत विवरण सभी प्रकार से सही है।

ii. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार सहित ऐसे उम्मीदवार जिनके लिए किसी आरक्षण का वर्णन नहीं किया गया है, सामान्य श्रेणी के लिए घोषित रिक्त पदों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं बशर्ते वे सामान्य श्रेणी के लिए लागू पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हों।

iii. भर्ती के किसी भी स्तर पर यदि ऐसा पता चलता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है, तो और/या यह कि उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण जानकारी (जानकारियां) छिपाई हैं तो उसकी उम्मीदवारी को निरस्त कर दिया जाएगा। इनमें से यदि कोई बात उसकी नियुक्ति/अंतिम चयन के बाद भी पता चलती है, तो उसकी सेवाएं तुरंत समाप्त की जा सकती हैं।

iv. आवेदक को सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन पूरी तरह से निर्धारित प्रारूप के अनुसार है और सही एवं पूरी तरह से भरा गया है।

v. चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय रूप से फिट घोषित किए जाने के अधीन है। इस तरह की नियुक्ति बैंक में ऐसे पद के लिए बैंक के सेवा और आचरण नियमों के अधीन भी होगी, जो बैंक में भर्ती होने के समय लागू है।

vi. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे संप्रेषण जैसे कॉल लेटर/साक्षात्कार की तारीख की सूचना, आदि प्राप्त करने के लिए अपने ई-मेल आईडी एवं मोबाईल फोन नंबर को एक्टिव रखें।

vii. किसी संप्रेषण की प्राप्ति में विलंब होने या न मिलने कि स्थिति में बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

viii. जो उम्मीदवार सरकारी/अर्ध-सरकारी कार्यालयों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं, उन्हें सूचित करते हैं कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर प्रस्तुत करें, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और यदि वे किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा।

ix. चयनित होने पर उम्मीदवारों से अपेक्षा होगी कि वह नियुक्ति प्राप्त करते समय अपने नियोक्ता की ओर से उचित डिस्चार्ज सर्टिफिकेट प्रस्तुत करें।

x. उम्मीदवारों को उनके हित के लिए यह सूचना दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय रहते ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करें, क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट में लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन/अक्षमता/फेलियर की स्थिति बन जाए ऐसा इन्टरनेट पर भारी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण हो सकता है। पूर्वोक्त कारणों से या एसबीआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से यदि उम्मीदवार अपना आवेदन समय रहते नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा।

xi. पात्रता, साक्षात्कार आयोजित किए जाने, अन्य परीक्षाएं और चयन संबधी के सभी मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होंगे। इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्र-व्यवहार किया जाएगा।

xii. आवेदन में दी गई जानकारी बाद में गलत पाए जाने पर आवेदक पर दीवानी/फौजदारी मुकदमा किया जा सकता है।

xiii. पात्रता संबंधी मानदंड पूरा करने मात्र से उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं है। बैंक के पास उम्मीदवार की योग्यता, उपयुक्तता, अनुभव आदि के संबंध में प्रारंभिक जांच/शॉर्टलिस्टिंग करने के बाद उचित संख्या में ही उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का अधिकार सुरक्षित है।

xiv. एक ही पद के लिए कई आवेदन होने पर, सिर्फ़ अंतिम मान्य (पूरी तरह भरा हुआ) आवेदन ही स्वीकार किया जाएगा। दूसरे रजिस्ट्रेशन के लिए दिया गया आवेदन शुल्क/ सूचना शुल्क ज़ब्त कर लिया जाएगा।

xv. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में आए आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद की स्थिति में कानूनी कार्यवाही केवल मुंबई और मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/मंचों पर ही की जा सकती हैं। किसी भी मुकदमे/विवाद की सुनवाई का एकल व एकमात्र अधिकार क्षेत्र मुंबई ही होगा।

xvi. बाहर से आने वाले उम्मीदवारों, जिन्हें शॉर्टलिस्टिंग के बाद साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है, उन्हें नीचे बताए गए अनुसार भारत में सबसे लघुतर मार्ग से हवाई यात्रा (इकोनॉमी क्लास) के खर्च की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

पद	प्रतिपूर्ति सीमा
i. डीन	वास्तिक हवाई किराये (इकोनॉमी क्लास) की प्रतिपूर्ति
i. संकाय ii. मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव,	₹15,000 तक हवाई किराए (आने-जाने का कुल खर्च) या वास्तविक किराया, जो भी कम हो, की प्रतिपूर्ति।

xvii. आवेदन पत्र एक बार प्रस्तुत कर दिए जाने पर उसमें किसी भी विवरण (श्रेणी सहित) में परिवर्तन/ सुधार के लिए अनुरोध पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में किसी पत्राचार/ फोन/ ईमेल पर विचार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों को सूचना दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन को सावधानी से भरें और आवेदन में सही जानकारी प्रस्तुत करें।

xviii. **बैंक किसी भी विशेष पद/सभी पदों के लिए किसी भी स्तर/समय पर बिना कोई कारण बताए भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह या आंशिक रूप से रद्द/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।**

xix. **साक्षात्कार के समय, उम्मीदवार को उसके विरुद्ध लंबित आपराधिक मामलों (यदि कोई हों) का विवरण देना आवश्यक होगा।**

महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाए जाने पर उम्मीदवारी किसी भी चरण पर रद्द या समाप्त कर दी जाएगी और यदि उम्मीदवार का चयन हो भी चुका हो, तो भी ऐसी परिस्थितियों में उसका चयन रद्द कर दिया जाएगा। बैंक अन्य बातों के साथ-साथ पुलिस रिकॉर्ड के सत्यापन सहित स्वतंत्र सत्यापन भी कर सकता है। बैंक ऐसे प्रकटनों और/या स्वतंत्र सत्यापन के आधार पर नियुक्ति से इनकार करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।

xx. **डिसक्लेमर (डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम, 2023)**

इस पद के लिए आवेदन करके आप स्वेच्छा से, पूर्ण जानकारी के साथ तथा बिना किसी शर्त के, बैंक को अपनी व्यक्तिगत जानकारी (Personal Data) एकत्रित करने, उसका प्रसंस्करण (Processing) करने तथा भर्ती प्रक्रिया की आवश्यकता के अनुसार संबंधित डेटा प्रोसेसरों (Data Processors) के साथ साझा करने की अपनी सहमति प्रदान करते हैं। यह कार्य डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम, 2023 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों (सामूहिक रूप से ''अधिनियम'') के अनुरूप किया जाएगा। बैंक ने अपने पास उपलब्ध अथवा अपने नियंत्रणाधीन व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार के डेटा उल्लंघन (Data Breach) को रोकने के लिए सभी उचित सुरक्षा उपाय लागू किए हैं। आपकी व्यक्तिगत जानकारी को पूर्ण गोपनीयता के साथ संभाला जाएगा और इसका उपयोग केवल विज्ञापित पद के लिए आपकी पात्रता, योग्यता, प्रमाण-पत्रों तथा उम्मीदवारी के मूल्यांकन एवं सत्यापन हेतु किया जाएगा, साथ ही अधिनियम के अंतर्गत अनुमत अन्य वैध उद्देश्यों के लिए भी इसका उपयोग किया जा सकता है।

किसी भी जानकारी के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट (https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध **"CONTACT US/post your query"** लिंक के माध्यम से हमसे संपर्क करें।

मुद्रण की त्रुटियाँ यदि हों, तो उसके लिए बैंक उत्तरदायी नहीं होगा।
किसी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी में जारी विज्ञापन मान्य होगा।

भारतीय स्टेट बैंक किसी भी ऐसे बाहरी कोचिंग प्लेटफॉर्म, कंसल्टेंसी, व्यक्ति या डिजिटल चैनल का समर्थन, विज्ञापन या
उनके साथ जुड़ाव नहीं रखता है, जो चयन की गारंटी, भर्ती प्रक्रिया को प्रभावित करने या आंतरिक मार्गदर्शन प्रदान करने का दावा करते हैं।
उम्मीदवारों को केवल एसबीआई के आधिकारिक करियर पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी पर ही भरोसा करना चाहिए।

मुंबई
16.09.2026

महाप्रबंधक
(आरपी एवं पीएम)

आवेदन कैसे करें

https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर लॉगिन करें.

नीचे स्क्रॉल करें और संबंधित विज्ञापन पर क्लिक करें।

विज्ञापन सं. CRPD/SCO/2026-27/20 डाउनलोड करें।
(विस्तृत विज्ञापन ध्यानपूर्वक पढ़ें।)

ऑनलाइन आवेदन करें।
(अंतिम प्रस्तुतीकरण से पहले, कृपया अपना आवेदन अच्छी तरह पढ़ लें।
अंतिम प्रस्तुतीकरण के बाद उसमें सुधार की अनुमति नहीं दी जाएगी।)